दिनांक 25 अक्टूबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विजयादशमी के अवसर पर महापौर ने क्षेत्र वासियों को दी बड़ी सौगात, खुर्सीपार क्षेत्र में श्री राम चौक का 20 लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमि पूजन , भिलाई सहित प्रदेश वासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने आज विजयादशमी के अवसर पर खुर्सीपार के क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है! श्री राम चौक (अंडा चौक) के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की! लंबे समय से चौक के सौंदर्यीकरण की बाट जोह रहे लोगों को अब यहां पर गुजरने से अलग ही नजारा देखने को मिलेगा , यह चौक श्रीराम मय नजर आएगा! महापौर ने भूमि पूजन के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत , अन्याय पर न्याय की विजय का यह विजयादशमी पर्व भगवान श्री राम की गौरव गाथा और उनके आदर्शों पर चलने की सीख देता है! उन्होंने भिलाई सहित प्रदेश वासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी! इस पर्व को यादगार बनाने के लिए अब श्री राम चौक का कायाकल्प होगा! भगवान श्री राम की धनुषधारी म्यूरल बनाई जाएगी! श्री यादव ने विधायक निधि से 20 लाख रुपए इस कार्य के लिए दिए हैं! भिलाई निगम क्षेत्र में विकास की तेज रफ्तार के साथ ही अब यह कार्य भी सम्मिलित हो गया है! क्षेत्रवासियों की काफी वर्षो पुरानी मांग महापौर ने आज कार्य की शुरुआत करके पूरी कर दी! श्री यादव ने अधिकारियों से कहा कि अब कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दें! जोन के अधिकारियों ने बताया कि कार्य आदेश जारी कर दिया गया है, शीघ्र अति शीघ्र कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा!!

जनसंपर्क अधिकारी